हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 16 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 27 .0 डिग्री से.

10 अस्पताल में आने वाले लोग हर दिन बंदरों के आतंक...


10 योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर : सत्यवान मान


## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** गांव सजूमा और कुतुबपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। युवक की पहचान पहले नहीं हो सकी, लेकिन उसके हाथ पर लिखे नाम और सोशल मीडिया से बाद में उसकी पहचान ब्राह्मणीवाला निवासी मनोज के रूप में हुई। जीआरपी चौकी इंचार्ज कर्ण सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा देखा और सूचना जीआरपी पुलिस को दी।

### सफीदों में 19 जून को लगेगा रोजगार मेला

**जींद।** सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी अनन्या दहिया ने बताया कि केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपमंडल रोजगार कार्यालय परिसर सफीदों में 19 जून को प्रातः 10 बजे से सायं तीन बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य क्षेत्र के शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थान भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगे।

### जींद: दुकान से सूटों का बंडल चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना के अपोलो चौक से चोरों ने सूट सेंटर से पूरा सूटों का बंडल चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने दुकान दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपोलो चौक निवासी विकास ने बताया कि चौक पर उसकी सूटों की दुकान है। गत दिवस कुछ महिला सूट खरीदने के लिए आई। महिलाओं ने उसे खरीददारी में उलझा लिया। इस बीच एक महिला पूरा सूटों का बंडल उठा कर फरार हो गई। जब उसने महिलाओं के जाने के बाद सूटों को संभाला तो एक बंडल सूटों को गायब मिला।

### संदिग्ध हालात में बस अड्डे से युवती लापता

**जींद।** नया बस अड्डे से युवती के संदिग्ध हालात में लापता होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुआना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी के साथ शहर गया हुआ था। जिसके बाद घर जाने के लिए बस अड्डे पर पहुंच गए। उसी दौरान उसकी 22 वर्षीय बेटी कुछ देर आने की बात कह कर गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### दंपति पर हमला करने पर तीन लोग नामजद

**जींद।** गांव डूमरखां खुर्द में बाइक हटाने को लेकर कहासुनी के चलते हमला कर दंपति को घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल दंपत्ति की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव डूमरखां खुर्द निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने प्लाट में पशुओं के लिए चारा डालने गया हुआ था। उसके गेट पर पड़ोसी बलवान का बाइक खड़ा हुआ था। बाइक को हटाने को लेकर उसकी बलवान से कहासुनी हो गई। जिस पर बलवान परिवार ने उस पर हमला कर दिया। बचाव में शोर मचाए जाने पर उसकी पत्नी पूजा मौके पर पहुंच। आरोपितों ने उस पर भी हमला कर दिया।

### घर में घुसकर 50 हजार की नकदी-जेवरात चुराए

**कैथल।** गांव गगड़पुर में अज्ञात चोर एक किसान के घर में घुसकर 50 हजार रुपये की नकदी और दो सोने की अंगूठियां चोरी कर ली। घटना का पता सुबह जागने पर चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। चीका थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गगड़पुर निवासी बलदेव सिंह ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है। 13 जून की रात वह परिवार सहित घर में सो रहा था।

# धूल भरी आंधी ने उड़ाए फ्लेक्स बोर्ड, टूटे पेड़ व खंभे, बिजली व्यवस्था चरमराई

## बरसात से तापमान में आई गिरावट के कारण मौसम सुहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते सोमवार को धूल भरी आंधी ने लोगो की परेशानी बढ़ाई तो बाद में बूंदाबांदी ने धूल तथा गर्मी से राहत दिलाई। आंधी के कारण दुकानों के बाहर लेगे होर्डिंग, फलेक्स तथा छप्पर उड़ गए। कुछ स्थानों पर पेड़ तथा बिजली के पोल टूट कर गिर गए। जिसके कारण बिजली व्यवस्था भी बाधित हो गई। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 35 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार बने रहे। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। सोमवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन चढने के साथ गर्मी बढ़ने लगी। तापमान 38 डिग्री तक जा पहुंचा।



जींद। दिन में चली आंधी से उड़ रही धूल। फोटो :हरिभूमि

### मौसम परिवर्तनशील

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आगे भी बादलवाई आकाश में दिखाई देगी। तापमान में भी गिरावट आएगी। कहीं-कहीं बूदाबांदी की संभावना भी है।

दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आकाश में जमा धूल के साथ बादल दिखाई देने लगे। कुछ देर के बाद धूल भरी आंधी चलने लगी। जिसके कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसने आधी तथा गर्मी से राहत दिलाई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। दोपहर बाद मौसम के करवट लेने के साथ 35 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से आंधी चलने लगी। जिसने पेड़ों तथा खंभों को हिला डाला। कुछ स्थानों पर पेड़ तथा बिजला पोल भी टूटे। जिसके चलते बिजली व्यवस्था भी ठप हो गई। दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग, बोर्ड, फलेक्स तथा छप्पर उड़ गए। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नही हुई। कुछ स्थानों पर तो शाम तक बिजली आपूति बहाल हो पाई।

### मकान पर गिरी आसमानी बिजली, उपकरण जले



**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर चार में सोमवार तेज आंधी और बारिश के दौरान एक मकान पर आसमानी बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में मकान की दीवार का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा घर में लगे कई बिजली उपकरण और वायरिंग जल गई। गनिमत रही कि कोई बड़ा हादस नही हो पाया। जुलाना के वार्ड चार निवासी राकेश ने बताया कि सोमवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान एक जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग भी घबरा गए। धमाके के तुरंत बाद उनके घर की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। पहले तो उन्हें लगा कि क्षेत्र में सामान्य बिजली बाधित हुई है लेकिन कुछ समय बाद जब उन्होंने घर की जांच की तो मकान की दीवार का ऊपरी हिस्सा टूटा हुआ मिला। राकेश ने बताया कि बिजली गिरने के कारण घर की विद्युत वायरिंग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा टीवीए पंखेए इन्वर्टर तथा अन्य बिजली से चलने वाले उपकरण भी खराब हो गए। घटना से परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

## राज्य मंत्री की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक संपन्न

# राष्ट्रीय राजमार्ग 352 डी पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश

### बैठक में रखी 11 शिकायतों में से नौ का मौके पर किया समाधान

दो मामलों की जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम व बैठक में शिकायत रखते लोग।

हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कष्ट निवारण समिति की बैठकों का उद्देश्य लोगों की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित करना है ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। राज्य मंत्री गौरव गौतम सोमवार को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्य मंत्री के समक्ष बैठक में कुल 11 शिकायतें समाधान के लिए रखी गई। जिनमें से नौ शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जबकि शेष दो मामलों में विस्तृत जांच के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम, उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री, डीसी डा. वैशाली शर्मा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 352डी पर आवश्यक व्यवस्थाओं के प्रबंधों बारे रखी शिकायत पर संज्ञान लेते आवागमन की सहुलियत एवं एनएसएआई के नॉर्मज अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सड़क पर गड्ढे भरने व पेचवर्क आदि का काम पूरा कर लिया गया है और अभी अतिरिक्त लाइट व बरसाती पानी के सुलभ निकास की व्यवस्था पर कार्य चल रहा है। राज्य मंत्री ने संबंधित शिकायत में अतिरिक्त उपायुक्त को निगरानी करने और एनएचएआई के अधिकारियों से समय रहते शेष रही व्यवस्थाओं को पूरी करने को कहा। इसी प्रकार मालसरीखेड़ा गांव में पंचायती भूमि पर कब्जा बारे आई शिकायत पर संज्ञान लेते एसडीएम सफीदों को मौका मुआयना कर अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन दो शिकायतों का तत्काल समाधान संभव नही हो पाया है, उनकी निष्पक्ष एवं गहन जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए ताकि संबंधित मामलों का उचित समाधान किया जा सके। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में हरियाणा कल्याण विभाग के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, जींद नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, डीएमसी अनिल दून, एसडीएम जींद सत्यवान मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, एसडीएम उचाना रमित कुमार, सीटीएम मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाजए सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा परिवेदना समिति के गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।



गुहला-चीका। भीषण सड़क हादसे के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी कार।

# ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़े, चार घायल

### ड्राइवर-कंडक्टर नशे में होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



चीका-समाना मार्ग पर गांव अजीमगढ़ स्थित चौकी महमूदपुर के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। रेत से भरे एक ट्रक ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समाना की ओर जा रहा रेत से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक भी पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तुरंत समाना के अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को बेहतर इलाज के लिए पटियाला स्थित राजिंदरा अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों का आरोप है कि ट्रक चालक और कंडक्टर नशे की हालत में थे। हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि ट्रक के पीछे चल रही एक गाड़ी के डैश कैमरे में पूरा हादसा रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में ट्रक की तेज रफ्तार और कथित लापरवाही दिखाई दे रही है। पुलिस ने फुटेज अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

- मामले में सात आरोपी पहले किए जा चुके गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने 2 साल से वांछित चल रहे आरोपी गांव टटियाना निवासी निर्मल सिंह उर्फ गंजा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका क्षेत्र के टटियाना निवासी विजय की शिकायत अनुसार उसका बड़ा भाई अजय मार्च 2022 में उनके गांव की विवाहिता को लेकर गांव से चला गया था। इसके बाद से ही विवाहिता का परिवार उनके परिवार को बदला लेने और जान से मारने की धमकी देता रहता था। इस रंजिश के डर से उसके पिता रणधीर परिवार सहित उसके मामा के गांव में रहने लगे । विजय लड़ाई झगड़े के पुराने केस में पीओ घोषित होने के कारण 16 मार्च 2024 से कैथल जेल में बंद था। इसलिए उसके पिता 30 मार्च को गुहला अदालत में गांव के कुछ लोगों को लेकर उसकी जमानत करवाने के लिए गए थे। उसकी जमानत मंजूर होने के बाद जेल के बाहर उसके परिवार के सदस्य व रिश्तेदार उसे कार में लेने के लिए आए थे। वह जेल से बाहर निकला तो उसके मामा ने बताया कि गुहला अदालत से वापस आते समय रास्ते में उसके पिता व उनके साथ दो अन्य लोगों को किसी ने गंभीर चोटें मार दी हैं। वे उनको एंबुलेंस सेअस्पताल लेकर आ रहे हैं। इस बात का पता चलते ही वह मामा के साथ करनाल बाईपास चौक कैथल पर पहुंच गया। कुछ देर बाद एंबुलेंस भी चौक पर पहुंच गई। मामा के साथ एंबुलेंस में बैठ गए।उसके पिता ने बताया कि जब वे अदालत गुहला से उसकी जमानत करवाकर कैथल आ रहे थे। इस दौरान माता बनभौरी मंदिर चीका के पास चालक जसपाल ने ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर खड़ी कर उनका रास्ता रोक लिया था।

# बस व कार की टक्कर में आठ यात्री गंभीर घायल

- टक्कर लगते ही बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव ऐंचरा कलां के पास सोमवार दोपहर को एक प्राइवेट बस और कार के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार चालक की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। यह हादसा सोमवार दोपहर करीब तीन बजे गांव ऐंचरा कलां स्थित परचेज सेंटर के पास हुआ। एक प्राइवेट बस गोहाना की तरफ से सफीदों की तरफ आ रही थी, जबकि कार सफीदों से गोहाना की ओर जा रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके पूर्जे सड़क पर बिखर गए। हादसे के समय बस में काफी यात्री सवार थे। टक्कर लगते ही बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। अचानक लगे ब्रेक के कारण कई यात्री अपनी सीटों से उछलकर गिर पड़े, जिससे उन्हें चोटें आईं। वहीं दो महिलाएं बस के आगे के शीशे से बाहर निकल कर सड़क पर जा गिरी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को संभाला और उन्हें तुरंत सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डाक्टरों की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। गंभीर रूप से घायल गांव सिंघाना निवासी 70 वर्षीय बलराम को खानपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। इसके अलावा एक अन्य गंभीर घायल को घटनास्थल से ही सीधे खानपुर मेडिकल ले जाया गया। घायलों में गांव भुसलाना निवासी ज्योति, रामनगर निवासी सोनिया, सिंघाना निवासी बलराम, बेरी खेड़ा निवासी कृष्ण, गांव ढाठरथ निवासी सरिता, गांव मुआना निवासी अनिल और गांव कुरड़ निवासी पूनम शामिल हैं।

### बस की चपेट में आने से सफाई कर्मी घायल

**कैथल।** ड्यूटी पर साइकिल से नागरिक अस्पताल जा रहे सफाई कर्मचारी को गांव नरड़ में हरियाणा रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। तितरम थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फतेहपुर पुंडरी निवासी सोमप्रकाश ने बताया कि कैथल के सिविल अस्पताल में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है।

## आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन की तिथि समाप्त, मेरिट के आधार पर आवंटित होंगी सीटें

# आखिरी दिन आवेदन के लिए लगी रही छात्रों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। राजकीय आईटीआई में फार्म भरने के लिए पहुंचे युवा व युवतियां।

प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर आवेदन करने की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गई। ऑनलाइन आवेदन में राजकीय आईटीआई कैथल अब तक प्रदेश मे प्रथम स्थान पर रहा। संस्थान में करीब 900 सीटों के लिए करीब चार हजार आवेदन प्राप्त हुए। इससे स्पष्ट है कि इस बार कैथल के राजकीय आईटीआई में मेरिट सूची हाई रहेगी। बता दें कि विभाग की ओर से जारी शेड्यूल अनुसार 2 जून से दाखिला के लिए आवेदन शुरू हुए थे। पहले फेज में 15 जून तक आवेदन होने थे। इसके बाद से ही आईटीआई में युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि सोमवार को आनलाइन आवेदन का समय समाप्त हो गया। संस्थान आनलाइन आवेदन में प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा। इसके लिए संस्थान की टीम बधाई की पात्र है। विभागीय जानकारों का कहना है कि संस्थान में इस बार भी मैरिट सूची व फार्म में भरी गई च्वाइस के अनुसार ही सीट आबंटन होगा। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पहली मेरिट सूची में करीब 30 से 40 प्रतिशत तक सीट आबंटित की जा सकती हैं। इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटीआई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं, जिनमें आईटीआई कोर्स को प्राथमिकता दी जाती है। सोमवार को आनलाइन आवेदन की तिथि समाप्त हो गई लेकिन लेकिन खंड व ग्राम स्तर तथा प्राइवेट आईटीआई में 15 जून तक कम ही आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### जल्द नया शेड्यूल जारी होगी

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा पंचकुला के अतिरिक्त निदेशक राजकुमार ने बताया कि आईटीआई में आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई जाएगी। तिथि बढ़ाने को लेकर फाइल चलाई गई है। जल्द ही नया शेड्यूल जारी किया जाएगा।

# जींद: नकदी और जेवरात के साथ लापता भाई-बहन हिसार से बरामद

- संदिग्ध हालात में गायब हो गए थे 14 वर्षीय भाई-सात वर्षीय बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव ईंटल खुर्द से दस हजार रुपये की नगदी, दस तोले सोने के जेवरात के साथ संदिग्ध हालात में गायब हुए नाबालिग भाई बहन हिसार से सुरक्षित बरामद हो गए हैं। दोनों बच्चों के सुरक्षित मिलने से पुलिस तथा परिजनों ने राहत की सांस ली है। गांव ईंटल खुर्द निवासी प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह तथा उसकी पत्नी कार्यवश बाहर गए हुए थे। घर में उसका 14 वर्षीय बेटा तथा सात वर्षीय बहन थी। वापस लौटने पर दोनों घर नही मिले। जब घर को संभाला तो दस हजार की नगदी, दस तोले सोने के जेवरात, इलेक्ट्रिक स्कूटी गायब थी। तलाशने पर सुराग न मिलने पर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सदर थाना पुलिस ने जांच का आगे बढाया तो सीसी टीवी में बच्चे स्कूटी पर पटियाला चौक से शहर की तरफ जाते दिखाई दिए। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बच्चे हिसार पुलिस के पास सुरक्षित हैं। जिस पर पुलिस तथा परिजनों ने राहत की सांस ली।

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्रा अमन ने कालेज का नाम रोशन किया

**नरवाना।** केएम राजकीय कालेज नरवाना की पूर्व छात्रा अमन ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों से महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा का देश के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी शोध संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसेज, बेंगलुरु में पीएचडी कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। छात्रा ने अपनी स्नातक शिक्षा बीएससी राजकीय महाविद्यालय नरवाना से पूर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने आईआईटी-जेएएम परीक्षा उत्तीर्ण कर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी हैदराबाद से एमएससी की डिग्री प्राप्त की।

### नरवाना संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1517 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता चंद्रभान दबलैन ने की और मंच संचालन महेंद्र सिंह धर्म ने किया। मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने मंच सांझा करते बताया कि मौजूदा सरकार का दोगला चेहरा जनता के सामने उज्जागर हो चुका है,जो सरकार अपने नौसैनिकों की मौत पर मौन धारण कर बैठी हो उस से क्या उम्मीद की जा सकती है ,अमेरिका हमारा भाग्यविधाता बन बैठा है।

### राहगीरों को परोसी ठंडी खीर और ब्रेड पकोड़े

**उचाना।** शहर के प्रमुख रजबाहा रोड पर दुकानदारों और कॉलोनी वासियों ने मिलकर भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए नींबू पानी की छबील लगाई। इस सेवा कार्य में राहगीरों और वाहन चालकों के लिए नींबू पानी के साथ-साथ ठंडी खीर, ब्रेड पकोड़े और चाय की भी व्यवस्था की गई। रजबाहा रोड से गुजरने वाले लोगों ने रुककर ठंडे पानी के साथ खीर और ब्रेड पकोड़ों का आनंद लिया। इस आयोजन में दीपक कापड़ो, अर्पित, डॉ. मोहित नैन, संदीप सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सांसद सैलजा ने उठाया था कैंसर-प्रदूषित जल का मुद्दा

**नरवाना।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा द्वारा लोकसभा में उठाए गए कैंसर और प्रदूषित जल से जुड़े गंभीर मुद्दे पर केंद्रीय आयुष एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने लिखित उत्तर में कहा है कि केंद्र सरकार कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यों को सहायता प्रदान कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्यों को कैंसर सहित अन्य गंभीर रोगों की रोकथाम, उपचार के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता दी जाती है।

### नौगामा खाप की पंचायत संपन्न

**जींद।** नौगामा खाप की पंचायत खाप चबूतरे पर हुई। जिसमें मुख्य रूप से कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला में आयोजित चिंतन शिविर में जिन जो प्रस्ताव पारित किया, उनको किस प्रकार से खाप में लागू किया जाए, पंचायत की अध्यक्षता जयबीर लोहान प्रधान नोगामा खाप ने की। इस मौके पर जयबीर ढुल ईक्कस, उप प्रधान राजबीर फौजी, उप प्रधान धर्मपाल सिंह घिमाना सैकरैटरी, प्रदीप घिमाना, सज्जन रेढ़ू, रमेश ईगराह प्रधान, बिंदर नंबरदार आदि मौजूद रहे।

### डॉ. अर्चना का जींद में स्वागत आज : देवेंद्र

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद डॉ. अर्चना गुप्ता पहली बार जींद की धरती पर आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। 16 जून को डॉ. अर्चना गुप्ता जींद स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेंगी, जहां पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उनका जोरदार स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष का यह दौरा संगठन को और अधिक मजबूत करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

## नागरिक अस्पताल में बंदरों का आतंक

# अस्पताल में आने वाले लोग हर दिन बंदरों के आतंक का हो रहे शिकार

### स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ 2020 से नप को लिख रहा पत्र, 44वां रिमाइंडर भेजा

**अस्पताल में स्पेशल तौर पर बंदर पकड़ो अभियान चलाया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद जींद, उपायुक्त को पत्र भेज कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात कही जा रही है लेकिन अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। जिस पर संघ द्वारा उपायुक्त के संज्ञान में भी मामला लाया गया है। एक बार फिर से स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने 44वां रिमाइंडर भेज समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। सोमवार को बंदरों ने कार्यालय में घुस कंप्यूटर सहित अन्य सामान को तोड़ डाला। इसके अलावा जरूरी दस्तावेज भी फाड़ डाले। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रधान राममेहर वर्मा ने बताया कि संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद को पत्र लिखे जा रहे हैं कि अस्पताल में बंदरों का आतंक है और आए दिन बंदर किसी न किसी को काट रहे हैं। इसके अलावा कार्यालयों के अंदर पहुंच कर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन इस समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। सोमवार को कार्यालय में रखे कंप्यूटर व रिकार्ड को भी नष्ट कर दिया। अस्पताल परिसर में बंदरों की संख्या इतनी है कि इन्हें भगाना भी नामुमकिन है। झुंड के झुंड बंदरों के नागरिक अस्पताल में हर समय बैठे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बंदर काटने से चूकते नही हैं। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन ये बंदर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके हैं और अनेक बार कमरों में घुस कर कंपयूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं। इस समस्या के समाधान हेतू कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को गुहार लगाई जा चुकी है। परंतु अभीतक कोई समाधान नही हुआ है। वर्मा ने बताया कि उपायुक्त ने इस मामले में स्व संज्ञान लेते नप अधिकारियों को आदेश दें कि अस्पताल में स्पेशल तौर पर बंदर पकड़ो अभियान चलाया जाए ताकि नागरिक अस्पताल में कार्य करने वाने चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी व आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें।





जींद। नागरिक अस्पताल में बंदरों द्वारा तोड़ा गया कंप्यूटर व नष्ट किया गया रिकार्ड। फोटो :हरिभूमि

#### मार्च के बाद दोबारा नहीं आई टीम

बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद 23 फरवरी को 14 बंदर, तीन मार्च को आठ बंदर, पांच मार्च को दो बंदर पकडने वाली टीम नागरिक अस्पताल आई थी और बंदर पकड़े थे लेकिन आजतक भी टीम दोबारा बंदर पकड़ने के लिए नही आई है। अब फिर से 44वां रिमाइंडर भेजा है।



जींद। नागरिक अस्पताल में बैठे बंदर। फोटो :हरिभूमि



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी डॉ. वैशाली। फोटो :हरिभूमि

# डीसी ने दिए समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

■ जन समस्याओं के समाधान को शिविरों में पहुंच रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर नागरिकों के लिए राहत का माध्यम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि लोगों की शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जा सके। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जिले के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त डा. डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र व्यक्तियों तक सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

#### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए ताकि पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ समय पर मिल सके। समाधान शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी अनिल दून, सीटीएम मोनिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



उचाना। लोधर में महर्षि लोमश लोकोद्धार तीर्थ पर शेड निर्माण का उद्घाटन करते हुए जिप चेयरपर्सन मनीषा रंधावा। फोटो :हरिभूमि

### तेरह लाख की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण

**उचाना।** लोधर स्थित महर्षि लोमश लोकोद्धार तीर्थ प्रांगण में जिला परिषद द्वारा करवाए गए विकास कार्य का उद्घाटन जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने किया। तीर्थ परिसर में लगभग 13 लाख की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया । इसके साथ ही पीएम श्री राजकीय वमावि में 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शौचालय निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने विद्यालय में गर्मी की छुट्टियों के बाद अपने निजी कोष से वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। मंच संचालन मा. बलिंद्र ने किया। मनीषा रंधावा ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर कार्य करते गांव-गांव तक विकास पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और जिला परिषद के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### अग्रवाल समाज आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का करेगा स्वागत

**जींद।** अग्रवाल समाज की बेटी डा. अर्चना गुप्ता के भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष बनने की खुशी में समस्त अग्रवाल समाज जींद द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह 16 जून को उत्सव होटल में आयोजित किया जा रहा है। समारोह को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और समाज के लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल ने बताया कि समस्त अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी, जो अब पूर्ण हो चुकी हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार, बैनर एवं होर्डिंग लगाए हैं। समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यवस्थाओं में जुटे रहे। गोयल ने बताया कि अर्चना गुप्ता की प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पूरे अग्रवाल समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

■ मांगों को लेकर ज्ञापन एक्सईएन बीएंडआर और एक्सईएन पब्लिक हेल्थ को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया और एक्सईएन बीएंडआर राजकुमार नैन तथा एक्सईएन पब्लिक हेल्थ भानु प्रकाश शर्मा के माध्यम से प्रमुख अभियंता पीडबल्यूडी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले कर्मियों को संबोधित करते राज्य प्रधान गंगा राम ने कहा कि सरकार रेशनलाइजेशन के नाम पर विभागों को कमजोर करने और कर्मचारियों के पदों में भारी कटौती करने की नीति अपना रही है। रेशनलाइजेशन के तहत प्रस्तावित पद कटौती को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही मैकेनिकल विंग एवं क्वालिटी कंट्रोल यूनिट में कार्य विस्तार के अनुरूप नए पद सृजित किए जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से कर्मचारियों में भारी रोष है। यदि कर्मचारी विरोधी नीतियों पर रोक नहीं लगाई गई और मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर के कर्मचारी व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अगर कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान नही किया गया तो चार जुलाई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर और 18 जुलाई को जनस्वास्थ्य व भवन निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा के आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पुख्ता कदम नही उठाए जा रहे हैं। कौशल के कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी का लाभ नही दिया जा रहा है। कच्चे कर्मचारी को पक्का नही किया जा रहा है। यूनियन लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत है। यदि समय रहते कर्मचारियों की मांगों को पूरा नही किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर राज्य प्रेस सचिव संदीप राठी, जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा, जयवीर जुलानी, महावीर जुलाना, सतपाल कुंडू, अजमेर लाठर मौजूद रहे।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। हवन यज्ञ में सम्मिलित होते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

### गर्मजोशी से मनाया कैबिनेट मंत्री बेदी का जन्मदिन

**नरवाना।** नरवाना में सोमवार को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के जन्मदिन के अवसर पर जोरदार स्वागत किया। शहर बधाई शुभकामनाओ के पोस्टर बैनर से अटा पड़ा था। हर कार्यकर्ता ये सोच रहा था कि कहीं मेरी फोटो देखने से न रह जाए। कैबिनेट मंत्री का काफिला रेलवे स्टेशन से शुरू हो कर आर्य समाज संस्थाओं में केक काटा गया उसके बाद बाजार से हो हुए सुभाष चौक पर भाजपा के पूर्व प्रैस प्रवक्ता विकेश तागड़ा की दुकान पर पहुंचा और रुठो को मनाने का काम किया। उसके बाद कैबिनेट मंत्री बाबा गैबी साहब मंदिर पहुंचे, वहां से नागरिक अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए, उसके बाद पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यालय में पहुंचे जहां पर पानी टेस्टिंग लैब का उद्घाटन किया, इसके बाद जाट सदन पहुंचे वहां पर किसी संस्था द्वारा लगाए गए कैंप का अवलोकन किया। मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, रिछपाल शर्मा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, कृष्ण गोपाल मौजूद रहे।

# नवनियुक्त हरको बैंक चेयरमैन का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवनियुक्त हरको बैंक चेयरमैन भारत भूषण जुयाल का जींद पंहुचने पर उत्तराखंड समाज के प्रबुद्धजनों, जिला बार एसो. के सदस्यों, रोटरी जींद मिडटाउन क्लब, भींदवाला मुक्तिधाम, युवा मित्र मंडल जींद, भाविप के सदस्यों ने स्थानीय होटल में ऐडवोकेट माया राम देवली द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में बधाई और शुभकामनाएं भेंट की। हरको बैंक चेयरमैन भारत भूषण जुयाल ने सभी मित्रों, भाइयों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह सभी लोगों की शुभेच्छुओं का फल है जो मुझे इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। सभी सम्मानित सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। कहा कि आज जरूरत है कुटुंब प्रबोधन की, अपने बच्चों को फोन से दूर रखकर परिवार में आपस में बैठें तथा एक साथ परिवार बैठ कर भोजन करें। यह भी कहा कि पद एक जिम्मेदारी है लेकिन वे स्वयं राष्ट्र को समर्पित हैं और संगठन के प्रति अपनी दायित्व का निर्वहन करते चलते आ रहे हैं। नितिन जिंदल ने वोट ऑफ थैंक्स किया। विजय पाल मघान, राजीव जैन, सतपाल जैन, अशोक गोयल, मनोज शर्मा, गोपाल नेगी, राधेश्याम, उर्वा दत्त, केशव तिवारी, खीम सिंह, बालम सिंह, लक्ष्मण सिंह, तरुण जैन, अशोक शर्मा, डा. बनीश, राजेंद्र जांगड़ा मौजूद रहे।



जींद। नवनियुक्त हरको बैंक चेयरमैन भारत भूषण जुयाल का स्वागत करते हुए।



जींद। भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा को घौंसला भेंट करते समिति सदस्य।

### जयंतपुरी फाउंडेशन ने शुरू किया चिड़िया बचाओ अभियान

**जींद।** जयंतपुरी फाउंडेशन द्वारा सोमवार को जींद में गौरैया चिड़िया बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। आधुनिकता की दौड में गौरैया चिड़िया की संख्या शहरों मे नाम मात्र ही रह गई है। आज कल प्रजनन का समय है। इसी को ध्यान में रख कर जयंतपुरी फाऊंडेशन द्वारा हर घर घौंसला अभियान की शुरुआत की गई है। प्रथम चरण में एक हजार घौंसलों का लक्ष्य रखा गया है। दूसरे चरण में इसे और गति प्रदान करेंगे। इसी कड़ी मे सोमवार को रुप नगर में यह अभियान डिप्टी स्पीकर हरियाणा प्रतिनिधि रुद्राक्ष मिड्ढा व जयंतपुरी फाऊंडेशन अध्यक्ष सुरेन्द्र धवन के नेतृत्व मे चलाया गया। विनोद सैनी व दीपक धींगडा इस अभियान के प्रकल्प निदेशक रहेंगे व अजय चावला, मुकेश गांधी, रवि मल्हन सह प्रकल्प निदेशक की भुमिका निभाएंगे। इस मौके पर बलराज पांचाल, संजय भुटानी, संजय सैनी, मुकेश शर्मा, विकास ग्रोवर, राजेश टक्कर, प्रदीप शर्मा, शिवचरण मोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया योग मैराथन को रवाना

# योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर : सत्यवान मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में सोमवार को जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय पुलिस लाइन मैदान से योग मैराथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने हरी झंडी दिखा कर मैराथन दौड़ को रवाना किया। मैराथन में बड़ी संख्या में योग साधकों, युवाओं, खिलाडियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह मैराथन दौड़ पुलिस लाइन मैदान से प्रारंभ होकर एकलव्य स्टेडियम में संपन्न हुई। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने योग एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है। जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नही बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति अनेक प्रकार की बीमारियों से बच सकता है तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बना कर इन समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। योग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव को कम करने तथा कार्यक्षमता में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



जींद। योग मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते एसडीएम।

#### ये रहे मौजूद

एसडीएम ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा अपने परिवार और समाज को भी योग के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीएसपी संजय, जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, डा. योगेश, डा. गोविन्दा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। कुआं पूजन में भाग लेते परिवार के लोग। फोटो :हरिभूमि

### गांव रामगढ़ में लड़की के जन्म पर कुआं पूजन

**जींद।** बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं और समाज में बेटियों के प्रति बढ़ते सम्मान का एक सुंदर उदाहरण गांव रामगढ़ में देखने को मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराये में कार्यरत स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सैनी की पुत्रवधू शिल्पा को पुत्री के जन्म पर पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ भव्य कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाए और नवजात बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ढोल की थाप और पारंपरिक लोक गीतों के बीच पूरे परिवार ने पौत्री के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा उनके जन्म को भी उसी उत्साह से मनाया जाना चाहिए जिस प्रकार बेटे के जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं। स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सैनी ने कहा कि मेरी पुत्रवधु के लड़की का जन्म उनके परिवार के लिए अत्यंत खुशी और सौभाग्य का अवसर है।

## खबर संक्षेप

### नशे का इंजेक्शन मौत की ओर पहला कदमः सूदन

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि नशा किसी भी रूप में जीवन के लिए घातक है,



लेकिन इंजेक्शन के माध्यम से लिया जाने वाला नशा युवाओं को तेजी से मौत की ओर धकेलता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे को पूरी तरह अस्वीकार कर अपने जीवन, परिवार और भविष्य को सुरक्षित बनाएं। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि आज का युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़े तो समाज और राष्ट्र प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सकता है, लेकिन नशे की लत युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और सपनों को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा कोई शौक या रोमांच नहीं, बल्कि एक ऐसा जहर है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर देता है। नशीले इंजेक्शनों का प्रयोग एचआईवी, हेपेटाइटिस, रक्त संक्रमण, हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों और असमय मृत्यु का कारण बन सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि एक गलत निर्णय पूरी जिंदगी पर भारी पड़ सकता है।

### पूर्व विधायक ने योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मैराथन को दिखाई झंडी

# शरीर को स्वस्थ और मन को एकाग्र बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम योग

### सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



**कैथल।** विधायक लीला राम मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसके उपलक्ष्य में जिला भर में योग मैराथन का आयोजन भी किया गया। यह केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और फिट भारत के संकल्प का प्रतीक है।

पूर्व विधायक लीला राम सोमवार को सुबह सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम में जिला प्रशासन, आयुष और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित योग मैराथन कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग तथा योग युक्त नशा मुक्त विषय पर आयोजित इस मैराथन में सैंकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग मैराथन सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम से विश्वकर्मा चौक, सर छोटू राम चौक, ढांड रोड सावित्री बाई फुल चौक के बाद वापिस सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम में पहुंची।

पूर्व विधायक ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनाव दूर करने, शरीर को स्वस्थ रखने और मन को एकाग्र बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि देश की युवा शक्ति भारत के गौरव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योग मैराथन के माध्यम से समाज में एकता, स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश जाता है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि योग मैराथन कार्यक्रमों के माध्यम से सभी को योग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसके लिए सभी नागरिक आमंत्रित है। आज के इस योग मैराथन में युवाओं के अंदर एक जोश दिखाई दिया है, जोकि हमारे जिला, प्रदेश और देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। योग विशेषज्ञ डॉ. एचएस हुड्डा ने उपस्थितगण को योग के महत्व के बारे में बताया तथा मौके पर ही यौगिक क्रियाएं करवाई।

#### योग मैराथन में विजेताओं को किया सम्मानित

पूर्व विधायक लीला राम व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने योग मैराथन में विजेता बच्चों को सम्मानित किया। महिला वर्ग में रजनी प्रथम, राधिका द्वितीय, स्नेहा तृतीय, छवि चौथे व निष्ठा पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में अंकुश प्रथम, रोहित द्वितीय, शिव सागर तृतीय, जश्न चौथे, रोहित पांचवें स्थान पर रहा।

#### ये रहे मौजूद

एसडीएम संजय कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शंकुतला दहिया, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, जिला खेल अधिकारी राज रानी, कार्यक्रम अधिकारी सपना, डीएसडब्ल्यूओ अमतेंद्र सिंह, हरपाल शर्मा क्योड़क, सहायक राहुल शर्मा, रामकुमार, राजा राम, कुशलपाल, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. सुनीता, कोच गुरमीत के अलावा अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



**कैथल।** योग शिविर का शुभारंभ करते संजीव चौधरी, मीनाक्षी, निखिल खुराना।

## गुनगुना पानी पीने से वात-पित्त और कफ संतुलित : रामचरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान कैथल द्वारा संचालित शह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर व सर्व रोग निदान शिविर के 14वें दिन का शुभारंभ समाज सेवी राम जी कैटरिंग महेंद्र सैनी व नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र से संजीव चौधरी निखिल खुरानिया द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। यह शिविर 21 जून तक बढ़ा दिया गया है क्योंकि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में ही हजारों की संख्या के साथ मनाया जाएगा।मुख्य अतिथि महेंद्र सैनी ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की पद्धती है। हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए और मन को शांत करने के लिए योग अवश्य करना चाहिए और साथ में ध्यान भी करना चाहिए। संजीव चौधरी, मीनाक्षी, निखिल खुराना ने ध्यान की विधि बताई। न हम कैसे कर सकते हैं और किस प्रकार अपने भटके हुए मन को ठीक कर सकते हैं। मन को शांत कर सकते हैं। युवा भारत जिला प्रभारी अनिल गुप्ता व युवा भारत शहरी प्रभारी राणा अनिल आर्य ने प्रशिक्षण शिविर में सभी तरह के आसन और प्राणायाम करवाए। अनिल गुप्ता ने गोमुखासन की सही विधि बताते हुए उसके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गोमुख आसन से हाइड्रोसील एवं यौन रोगों में विशेष लाभ होता है। स्त्री रोगों संधिवात गठिया में उपयोगी है तथा लीवर गुर्दे और छाती को पुष्ट करता है। भारत स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण ने अनुलोम विलोम करवाते बताया की गुनगुना पानी पीने से हमारे वात पित्त कफ़ सामान्य रहते हैं।

#### ये रहे मौजूद

बद्रन सिंह आर्य, वीरभान कौशिक, प्रेमचंद जांगड़ा, पंकज मित्तल, रामफल, सतपाल गुप्ता, विनोद गर्ग, जसवंत, रोशन सैनी, सुरेश सैनी, महेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, दर्शना गुप्ता, कमलेश कौशिक, नीलम रत्तेवाल, रमादेवी, शकुंतला देवी, कविता व सैकड़ो योग साधकों ने भाग लिया।

### महिलाएं डरकर नहीं, खुलकर उन्नति की उड़ान भरें : डॉ. अर्चना गुप्ता



**कलायत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मजबूत नेतृत्व में महिलाओं को पर्दा से बाहर निकल कर सिर उठाकर जीने के अवसर मिल रहे है।इसलिए महिलाएं डर कर नहीं खुलकर उन्नति की उड़ान भरें। डॉ अर्चना गुप्ता सोमवार को कलायत के गांव कैलरम में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी भी खास तौर से मौजूद रही। कार्यक्रम में जुड़ी भीड़ से प्रदेश अध्यक्ष उत्साहित दिखी।आयोजन में 36 बिरादरी के प्रतिनिधियों ने क्रमवार प्रदेशाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी और पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को सम्मानित किया।प्रदेश अध्यक्ष ने 2029 के विस चुनाव में भी पूर्व प्रत्याशी कमलेश ढांडा के हाथ मजबूत करने की बड़ी बात कह कर सियासत में समय से पहले बड़ी हलचल पैदा कर दी। हरियाणा भाजपा की कप्तान डॉ अर्चना गुप्ता न केवल विकसित भारत सकंल्प को लेकर महिलाओं को जागरूकता का पाठ पढ़ा गई। कलायत के गांव कैलरम में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रभारी अमरपाल राणा, कैथल के पूर्व विधायक लीला राम, रैदास तख्त प्रबंध कमेटी अध्यक्ष डॉ प्रीतम कोलेखा, युवा नेता तुषार ढांडा, कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत आदि मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन शक्तिपीठ पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



**कैथल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते रामप्रताप गुप्ता।

महाराजा अग्रसेन शक्तिपीठ, पेहवा चौक स्थित कैथल में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में एक भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने की। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित माताओं, बहनों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने पुष्प वर्षा, फूल मालाओं एवं जोरदार स्वागत के साथ डॉ. अर्चना गुप्ता का अभिनंदन किया। समाज की ओर से उन्हें पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामप्रताप गुप्ता ने उन्हें सम्मान स्वरूप पटका पहनाया तथा एक भव्य स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. अर्चना गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा अग्रवाल समाज द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत के लिए सभी का कोटि-कोटि धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत सेवा, समरसता और सामाजिक उत्थान आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं तथा भाजपा इन्हीं मूल्यों को लेकर आगे बढ़ रही है। रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता का प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन भाजपा नेतृत्व का दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक कर्मठ, सरल, मिलनसार एवं संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित व्यक्तित्व की धनी हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

#### ये रहे मौजूद

अग्रवाल युवा सभा कैथल महासचिव मोहनलाल गुप्ता, सह सचिव हिमांशु गोयल, उपाध्यक्ष संजय बंसल, कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल, ऋषिपाल गोयल, रमेश जिंदल, वेदप्रकाश गर्ग, लाजपत सिंगला, धर्मवीर केमिस्ट, मुकेश गोयल, अमित सेठ, साधना गर्ग, कृष्ण बंसल, रीना गोयल, निशा जिंदल, बबीता अग्रवाल, सुमन गोयल, पूनम मंगला, कोमल गोयल, इशू जैन, मीना गुप्ता, रिम्पी गर्ग, सलोचना गर्ग, भावना गर्ग आदि सदस्य मौजूद रहे।

### डॉ.अर्चना गुप्ता का सुभाष हजवाना ने किया स्वागत



**पुण्डरी।** पुंडरी मार्केट कमेटी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता का पूर्व जिला अध्यक्ष व मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना द्वारा किया गया जोरदार स्वागत जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष पुंडरी मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर के सामने पहुंची वहां पर मौजूद हजारों कार्यकर्ताओ ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा हजवाना के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का फुल बुके भेंटकर मान सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर शॉल व उड़ाकर स्मृति चीन भेंटकर जोरदार स्वागत किया।

### भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का पुंडरी में स्वागत



**पुण्डरी।** भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के पुंडरी आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पुंडरी विधानसभा कार्यालय एवं शहर में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे वातावरण में संगठन के प्रति समर्पण एवं जोश का माहौल बना रहा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की सदस्याएं, युवा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया।

### सुरभि गर्ग ने संतों के नाम पर स्थापित चौकों का सौंदर्यीकरण करवाकर सबका सम्मान किया : बिड़लान



**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा कैथल के प्रधान महेंद्र बिड़लान ने नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते कहा कि वह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना के अनुरूप कार्य कर रही हैं। उनके नेतृत्व में शहर की सभी 36 बिरादरियों को साथ लेकर समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूती मिल रही है। परिषद कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते प्रधान महेंद्र बिड़लान ने कहा कि चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कैथल शहर में महापुरुषों एवं संतों के नाम पर स्थापित चौकों के सौंदर्यीकरण का अभियान चलाकर समाज के सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से उपेक्षित कई चौकों को नया स्वरूप देकर न केवल उनकी गरिमा बढ़ाई गई है, बल्कि शहर की सुंदरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में हिन्द सिनेमा के समीप स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक का भी जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इस कार्य का शुभारंभ चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के करकमलों द्वारा किया जाएगा। चौक के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र की पहचान और अधिक मजबूत होगी तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

## दुर्व्यवहार रोकने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर समिति चौक कैथल स्थित वृद्ध आश्रम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी- एवं -सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल कंवल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कंवल कुमार ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनका सम्मान, सुरक्षा एवं देखभाल प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि वृद्ध व्यक्तियों के साथ होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं भावनात्मक दुर्व्यवहार को रोकने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों, वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण से संबंधित कानूनों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के पैनल अधिवक्ता अरविंद खुरानिया ने वरिष्ठ नागरिकों को वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतों तथा अन्य विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर भवानी सेवा समिति सम्मानित

**गुहला-चीका।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कैथल में आयोजित विशेष समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर भवानी मंदिर कमेटी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. रेनू चावला ने समिति के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. रेनू चावला ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले सामाजिक संगठनों की सराहना की। समिति के प्रधान कुलदीप माजरा ने सम्मान प्राप्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी रक्तदान और जनसेवा के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाती रहेगी।



### जिले में 28 से 30 जून तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान

**कैथल।** नगराधीश कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि 28 जून से 30 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा 16 जून से 31 जुलाई तक दस्त रोको अभियान भी चलाया जाएगा। सभी संबंधित विभाग इन अभियानों के अंतर्गत कार्य करना सुनिश्चित करें। इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। नगराधीश कैप्टन प्रमेश सिंह सोमवार को अपने कार्यालय में टीकाकरण की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। प्लस पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून को बुथ एक्टिविटी के तहत तथा 29 व 30 जून को घर-घर पोलियों ड्रॉप पिलाई जाएगी।

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल को लेकर करवाई पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**सीवन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभूतपूर्व 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खंड स्तर पर पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा ने की, जबकि आयोजन का संचालन एवं देखरेख प्रधानाचार्य नरेश दुल तथा हरदयाल सिंह अरोड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सीवन खंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल में देश ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल तकनीक, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।





### अनुशासन और देशभक्ति की नई सीख लेकर लौटे आदर्श स्कूल के एनसीसी कैडेट

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखौली के एनसीसी कैडेट दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक पूर्ण कर विद्यालय लौट आए। शिविर से वापस पहुंचे कैडेटों के चेहरों पर आत्मविश्वास, अनुशासन और देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। दस दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों ने कठिन परिस्थितियों में रहकर जीवन के अनेक महत्वपूर्ण पाठ सीखे। शिविर के दौरान कैडेटों ने परेड, ड्रिल, खेलकूद, व्यक्तित्व विकास, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार तथा सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई। विद्यालय के प्राचार्य ओ. पी. शर्मा ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार, अनुशासित और राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम है।

### बेटियां परिवार, समाज व राष्ट्र की अमूल्य धरोहर



**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र बीर बांगड़ा में /"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ/" अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप के निर्देशानुसार तथा खंड विस्तार शिक्षक सुदेश कुमारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान सुदेश कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटा और बेटी दोनों समान हैं तथा बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करना हम सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है।

**शिविर** — समाधान शिविर में एसडीएम और सीटीएम ने सुनीं जन शिकायतें

# लंबित शिकायतों के निपटारे में तेजी लाने के दिए निर्देश

- पोर्टल पर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

समाधान शिविर में सोमवार को एसडीएम संजय कुमार और सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी नागरिक को एक ही समस्या के लिए बार-बार समाधान शिविर या सीएम विंडो का सहारा न लेना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को बुलाकर उसकी समस्या का समाधान किया जाए तथा समाधान के बाद पोर्टल पर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें जांच रिपोर्ट सहित नियमानुसार निस्तारित कर पोर्टल पर अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों के निपटारे में तेजी लाई जाए और शिकायतों से संबंधित सभी विवरण पोर्टल पर स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं, ताकि शिकायतें दोबारा लंबित या पुनः ओपन न हों।



**कैथल।** एसडीएम संजय कुमार और सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें ग्राम पंचायत सजूमा में कथित वित्तीय अनियमितताओं एवं विकास कार्यों की जांच करवाने की मांग प्रमुख रही।

इसके अलावा कैथल शहर के शक्ति नगर क्षेत्र के निवासियों ने टूटी हुई गली, जल निकासी व्यवस्था की खराब स्थिति तथा नियमित सफाई नहीं होने की शिकायत रखते हुए गली के पुनर्निर्माण और सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की।

एक अन्य शिकायत में पूंडरी क्षेत्र के निवासी ने बिजली विभाग के समक्ष पुराना बिजली कनेक्शन बंद करवाने और बकाया राशि जमा कराने के बावजूद भी विभाग द्वारा दोबारा से बिल भरने का नोटिस दिया है, जबकि खुले दरबार में रियायत के हिसाब से बिल भर दिया था। शिकायतकर्ता ने मामले के समाधान और खाते को बंद करने की मांग की।

वहीं गांव सजूमा निवासी एक किसान ने नेट हाउस में आग लगने से हुए भारी नुकसान के संबंध में आर्थिक सहायता की मांग की।

एसडीएम संजय कुमार और सीटीएम कैप्टन प्रमेश ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**मैं गर्ग सैनेटरी हार्डवेयर एण्ड पेन्टर स्टोर**
भिवानी रोड, नजदीक सीआईए स्टाफ, जीन्द (हरियाणा)

**जींद में बिरला ओपस पेंट हब का भव्य शुभारंभ**



जींद शहर में बिरला ओपस पेंट हब का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर हरियाणा हेड निशांत सैनी, फ्रेंचाइजी मैनेजर सागर, सेल्स ऑफिसर प्रियांशु पाठक सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। स्टोर के संचालक आकाश गर्ग एवं सोनू गर्ग ने बताया कि ग्राहकों को अपने सपनों के घर को आकर्षक बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और निर्माण सामग्री एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएगी। यहां POP, पेंट, पुट्टी तथा अन्य संबंधित उत्पादों का फुल स्टॉक उचित कीमतों पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि बिरला ओपस पेंट हब का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता, आधुनिक रंगों की विस्तृत रेंज और बेहतर सेवा प्रदान करना है, ताकि हर ग्राहक अपने घर को खूबसूरत और आकर्षक बना सके। Advt.

मेले में श्रद्धालुओं ने की खरीदारी

पवित्र नदियों और सरोवरों में डुबकी लगाकर लोगों ने की मोक्ष की कामना

# साल की पहली सोमवती अमावस्या पर हजारों ने किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार को साल की पहली सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर रविवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रविवार की पूरा रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। गोहाना रोड पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।



जींद। पिंडारा तीर्थ में पिंडदान करवाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



## क्या है महत्व

पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है।

## शुभ कार्यों के लिए विशेष फलदायी

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि साल की पहली सोमवती अमावस्या सोमवार को ज्येष्ठ पर पड़ी है। सोमवार के दिन अमावस्या होने के कारण इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया। वहीं इस दिन मृगशिरा नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ संयोग रहे। जो शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना जाता है। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण रहा है। ये दोनों योग पूजा, पाठ, ध्यान, साधना, दान व पुण्य और धार्मिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माने जाते हैं।

## पितृ दोष से मुक्ति पाने को विशेष पूजा

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सोमवती अमावस्या श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी रही। इस दिन स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जिसके चलते इस दिन पूजा-पाठ व पितृ तर्पण का विशेष महत्व बढ़ गया है। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसबल की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित गोताखोरों तथा नावों की व्यवस्था की गई थी ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके।

---

कार्यकर्ताओं ने भाजपा को बनाया विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी

# भाजपा करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम से चलने वाला संगठनः डॉ. अर्चना गुप्ता

- उनका सम्मान भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत का सम्मान है : प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का वास्तविक सामर्थ्य उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। कार्यकर्ताओं की मेहनत, तपस्या, त्याग और संगठन के प्रति समर्पण ने ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत व परिश्रम से केंद्र में मोदी व राज्य में नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। डा. अर्चना गुप्ता कैथल में स्वागत समारोह को संबोधित कर रही थी। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का कैथल पहुंचने पर जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, स्वागत कार्यक्रम प्रभारी जवाहर सैनी, कार्यक्रम के सह संयोजक दीपक शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का ढोल नगाड़ों और फूल बरसाकर स्वागत और अभिनंदन किया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज उन्हें जो स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत मिला है, उससे वे अत्यंत अभिभूत हैं। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत का सम्मान है।





कैथल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते विधायक सतपाल जांबा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी तथा पूर्व विधायक लीला राम। फोटो : हरिभूमि

## कैथल में अभिनंदन समारोह को किया संबोधित

डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जब कोई कार्यकर्ता संगठन के लिए पसीना बहाता है तो वह राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देशहित को सर्वोपरि मानकर काम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी एक व्यक्ति, परिवार या विशेष वर्ग की पार्टी नहीं है, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की तपस्या और परिश्रम से चलने वाला संगठन है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में अनेक राजनीतिक दल हैं, जिनमें कुछ परिवार आधारित हैं तो कुछ जाति और समाज विशेष पर आधारित हैं, लेकिन भाजपा एकमात्र ऐसा दल है जो कार्यकर्ताओं की शक्ति पर खड़ा है। बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही संगठन की नींव है। यदि बूथ अध्यक्ष और बूथ कार्यकर्ता मजबूत हैं तो संगठन मजबूत होगा और संगठन मजबूत होगा तो चुनावी सफलता निश्चित होगी। प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने भाजपा के मूल मंत्र "बूथ जीता, चुनाव जीता पर बोलते हुए कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता की मेहनत ही चुनावी जीत का आधार बनती है।

## पीएम ने देश को नए शिखर पर पहुंचाया



डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, विश्वास और विकास के प्रतीक बनकर उभरे हैं। प्रधानमंत्री ने देश को विकास, सुरक्षा, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए शिखर तक पहुंचाया है। आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री की गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है कि करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के घर मिले, जल जीवन मिशन से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन मिला तथा पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, जवाहर सैनी, दीपक शर्मा, विधायक सतपाल जांबा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीलाराम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, चेयरमैन देवेंद्र पांचाल, रवि बतान, मनीष कठवाड़, सुभाष हजवाना, राजपाल तंवर, रवि भूषण गर्ग, कैलाश भगत व अन्य मौजूद रहे।

# बायो गैस प्लांट को शिफ्ट करने की राह हो रही तैयार

- प्रशासन कार्रवाई में जुटा, प्लांट के लिए दूसरी जगह देखी जाएगी : गौरव गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गोहाना रोड पर कई कालोनियों के बीच बने बायो गैस प्लांट की शिफ्ट होने की राह बनती हुई दिखाई दे रही है। हरियाणा के खेल युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने इस मसले पर उठे सवाल के जवाब में कहा है कि प्रशासन इस मामले की जांच कर रहा है। शिकायत आई है और इस पर प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। इस बॉयो गैस प्लांट के लिए अलग जगह देखी जा रही है। खेल मंत्री ने ये शब्द डीआरडीए में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से कहे। इस अवसर पर डीसी डा. वैशाली, एसपी कुलदीप सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। खेल मंत्री ने कहा कि योग को हरियाणा की खेल नीति में शामिल किया जा सकता है।



जींद। खेल मंत्री को बॉयो गैस प्लांट के संदर्भ में ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

## मुढाढ़ गोशाला को दिया 1 लाख 1 हजार का दान

**कलायत।** दिल्ली स्थित एक देवी मंदिर में वर्षों से पुजारी की जिम्मेवारी संभाल रहे कृष्ण शास्त्री ने कलायत स्थित 360 मुढाढ़ गौशाला में गौवंश संरक्षण के लिए 1 लाख 1 हजार रुपए की राशि दान में दी है। इस राशि को शास्त्री ने परदादा पंडित गंगा, दादा ईश्वर शर्मा व पिता शुभकरण के नाम से भेंट किया। कृष्ण शास्त्री ने पत्नी संतोष देवी व बेटी रीचा शर्मा के हाथों से गोशाला कोषाध्यक्ष हरिश गर्ग को सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में उन्होंने अपने पैतृक गांव में पूर्वजों की जमीन को बेचा है। इस राशि को अपनी जेब में डालने की बजाए उन्होंने क्षेत्र के गौवंश को समर्पित करने का निर्णय लिया। हरिश गर्ग ने कुछ समय पहले गौशाला से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां पुजारी के साथ साझा की थी।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का आज होगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



मार्केट कमेटी के चेयरमैन बबलू गोयल ने कहा कि भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता मंगलवार को जींद पहुंच रही हैं। जिनके सम्मान में स्वागत एवं सम्मान समारोह होगा। जिसमें समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होगे रहेंगे। उनकी तरफ से अंबेडकर चौक पर अर्चना गुप्ता का स्वागत किया जाएगा। बबलू गोयल ने कहा कि अर्चना गुप्ता की प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पूरे अग्रवाल समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उनकी इस उपलब्धि से समाज का मान सम्मान बढ़ा है तथा युवाओं और महिलाओं को नई प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम में अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं भी दी जाएंगी। समस्त अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित इस समारोह में जिले भर के सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## पार्षदों ने उठाया विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मुद्दा

**कलायत।** कलायत नगर पालिका के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मुद्दा अब पूरी तरह रंग पकड़ गया है। कैथल आरकेएसडी कालेज सभागार में केंद्र सरकार की 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम में पार्षदों ने विकास की आड़ में धांधली के खिलाफ आवाज उठाई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी मौजूद थी। उनकी उपस्थिति में पार्षदों के शिष्टमंडल ने जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, जिला लोक संपर्क एवं सूचना अधिकारी नसीब सैनी और विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार के खिलाफ क्रमवार पोल खोली गई।इस स्थिति को देखकर अधिकारी हैरान रह गए।

# यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन का समय पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर प्रक्रिया का समय पूरा हो चुका है। अब 22 जून तक कालेज कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। वहीं 24 जून को मेरिट लिस्ट के लिए पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 26 जून को पहली प्रोविजनल और 27 जून को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 28 जून से लेकर एक जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद खाली सीटों के लिए दो जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और तीन जुलाई को अंतिम मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी चार से सात जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद भी अगर कालेजों में विभिन्न संकायों में सीट खाली रह जाती हैं तो नौ जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। 10 जुलाई को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी नए आवेदन या पहले किए आवेदनों में दाखिले के लिए संकाय में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 11से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे।

## आवेदन शुल्क में 50% वृद्धि पर बिफरी एबीवीपी

**जींद ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल चांस परीक्षा के आवेदन शुल्क में 50 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विवि प्रशासन के छात्र विरोधी निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने विश्वविद्यालय कुलगुरू को ज्ञापन सौंपकर कहा कि स्पेशल चांस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष बचाना तथा उन्हें उच्च शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अवसर प्रदान करना है। ऐसे में परीक्षा शुल्क को एक हजार से बढ़ाकर 1500 करना विद्यार्थियों के हितों पर सीधा प्रहार है।

# अमेरिका पर चुप्पी का आरोप लगा भाजपा पर जमकर बरसे बृजेंद्र सिंह

- लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए देश को आजादी की लड़नी पड़ सकती है दूसरी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने उचाना स्थित राजीव गांधी कॉलेज में कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि भाजपा के 12 वर्षों के शासनकाल में देश अंदर से कमजोर हुआ है और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए देश को आजादी की दूसरी लड़ाई लड़नी पड़ सकती है। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों में भारतीयों से जुड़े समुद्री जहाजों को निशाना बनाए जाने के बावजूद केंद्र सरकार खुलकर अमेरिका की आलोचना नहीं कर पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और झूठे आंकड़ों के सहारे देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है, निवेश घट रहा है और रोजगार व कृषि जैसे क्षेत्रों में जमीनी स्थिति सरकार के दावों से अलग है।



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह।

## सीपीआई-एम ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**कैथल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (एम) तहसील गुहला जिला कैथल की ओर से विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन गुहला के एसडीएम महोदय के माध्यम से सौपा गया। यह जानकारी देते हुए सीपीआई (एम) जिला कमेटी सदस्य व किसान नेता कॉमरेड जसबीर सिंह व तहसील गुहला के सचिव कॉमरेड धर्मपाल भुना ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर देशभर में जनसमस्याओं को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। कॉमरेड जसबीर सिंह व कॉमरेड धर्मपाल भुना ने बताया कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी सहित अन्य ईंधनों की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

## पीएम-किसान योजना से मिला 474 करोड़ का लाभ

**कैथल ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत डीसी अपराजिता ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की उपलब्धियों की जानकारी साझा की। बताया कि योजना के तहत कैथल जिले के किसानों को अब तक 22 किस्तों के माध्यम से कुल 473.82 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। डीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़े आवश्यक कार्यों के लिए समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी कृषि लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## 28 जून को सजेगी कवियों की महफिल

**उचाना।** साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साहित्य सेवी संगठन उचाना द्वारा 28 जून को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में प्रातः 10:30 बजे से होगा, जिसमें हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के 15 से अधिक कवि एवं कवयित्रियां हिस्सा लेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण चौबीसी के प्रधान अनिल शर्मा उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान रघुबीर शर्मा करेंगे। साहित्य सेवी संगठन के प्रधान प्रो. जगबीर दूहन तथा महासचिव मा. रामप्रसाद ने बताया कि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को साहित्यिक रसास्वादन का अवसर मिलेगा।

स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : डॉ. अनुराधा सैनी

# नप चेयरपर्सन ने कर्मियों के साथ स्वयं लगाई झाड़ू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नगर परिषद जींद द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से डीआरडीए मार्केट में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नप चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि नगर परिषद जींद की गाड़ी हर दिन डोर टू डोर कचरा लेने के लिए आती है। उन्होंने मार्केट के सभी कोचिंग सेंटर, फूड प्वायंट, अस्पताल, मेडिकल स्टोर, रेहड़ी एवं फिरनी वालों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा कूड़ा कचरा सड़क पर या अन्य सार्वजनिक स्थल पर डाला गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नही बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी लोग मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें तो शहर को सुंदर बनाया जा सकता है। अभियान में डॉ. अनुराधा सैनी ने खुद सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाई।



जींद। झाड़ू लगा सफाई अभियान का नेतृत्व करतीं नप अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी।

## हर घर पर लगाया जाएगा स्कैनर

इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी सुमित दहिया, सचिव संजीव चहल, रविंद्र कुमार, सफाई दरोगा बिजेंदर कर्मचारी, स्थानीय व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सफाई अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाने का संकल्प लिया गया। स्वच्छ जींद, सुंदर जींद के संकल्प के साथ नगर परिषद द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। एसबीएम सुनील चहल जिला संयोजक ने बताया कि नए टेंडर में आरएफआईडी लगाई जा रही हैं आने वाले समय में प्रत्येक घर पर स्कैनर लगाया जाएगा। जिस से घर को स्कैन किया जाएगा ताकि हर घर गाड़ी पहुंच सके या कचरे का उठान हो। मार्केट के लिए नाइट स्वीपिंग का काम बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उसके शुरू होते ही सभी मार्केट की रात में सफाई करवाई जाएगी ताकि काम बढ़िया हो सके। इस दौरान गोविंद सैनी चेयरपर्सन प्रतिनिधि, सचिव सुमित दहिया, सुनील चहल, रविंद्र कुमार, विजेंद्र दरोगा प्रधान सफाई कर्मचारी, सुनील कुमार के साथ अन्य अधिकारी ओर कर्मचारी मौजूद रहे।